दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 28 फरवरी 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 152

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोहा खदान के धसकने से 6 मजदूरों की मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** दंतेवाड़ा से बड़ी खबर सामने आई है। जहां एनएमडीसी के नए बन रहे एसपी-3 प्लांट में लौह अयस्क की चट्टान धंस गई है। इस हादसे में पोकलेन समेत करीब 8 से 10 मजदूरों के मलबे के नीचे दबने की जानकारी सामने आई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 6 मजदूरों की मौत होने की खबर है, वहीं मौके से 3 मजदूरों का शव बरामद किया गया है। हादसे की सूचना के बाद किरंदुल थाना पुलिस, प्रशासन और एनएमडीसी के कर्मचारी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। इस घटना पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि किरंदुल खदान में काम करते हुए मिट्टी धसकने से कुछ मजदूर दब गए हैं। जिनमें से तीन मजदूरों का शव बाहर निकाल लिया गया है। बताया जाता है कि तीन मजदूर पश्चिम बंगाल और एक मजदूर बिहार के रहने वाले हैं। कलेक्टर और एसपी से हमारी बात हो रही है. हर संभव मदद की जाएगी। विधायक ने कहा है कि आगे इस तरह की घटना ना हो, इसके लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला, जमात-ए-इस्लामी पर बैन 5 साल बढ़ाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू कश्मीर के संगठन जमात-ए-इस्लामी पर अगले पांच वर्षों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया है। उक्त जानकारी खुद गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा 'आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लाम पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है'। केंद्र की तरफ से जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाने की वजह यह थी कि साल 2019 में प्रतिबंधित होने के बावजूद संगठन ने चोरी-छुपे अपनी गतिविधियां जारी रखीं और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों की मदद की। इसके अलावा, पिछले 5 सालों में जमात-ए-इस्लामी ने 'अल हुदा' नाम के ट्रस्ट बनाकर आतंकियों की फंडिंग में बहुत बड़ी भूमिका निभाई. कश्मीर के साथ-साथ जम्मू में भी संगठन ने अपनी फंडिंग की गतिविधियां बढ़ाई और राजौरी को इसने अपना मुख्य केंद्र बना लिया।

### बिहार में महागठबंधन को बड़ा झटका, आरजेडी-कांग्रेस के तीन विधायक भाजपा में हुए शामिल

**पटना (आरएनएस)।** बिहार की सियासत में मंगलवार को फिर से बड़ा खेला हुआ, जब महागठबंधन के तीन विधायक भाजपा के साथ आ गए। मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के साथ कांग्रेस विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव तथा राजद की संगीता देवी विधानसभा पहुंची। इसके बाद साफ हो गया कि महागठबंधन के तीन विधायक एनडीए के पाले में आ गए। राजद की संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया से विधायक हैं, जबकि सिद्धार्थ सौरव विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी सीट से विधायक हैं। भाजपा के प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवाद नीति और भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखते हुए महागठबंधन के तीन विधायक भगवा के साथ आ गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर राष्ट्रवाद और एक ओर परिवारवाद है, जिन विधायकों को राष्ट्रवाद पसंद आ रहा है, वह साथ आ रहे हैं।

## राजिम कुंभ में महानदी की भव्य आरती : शामिल हो रहे हजारों श्रद्धालु

**राजिम (आरएनएस)।** राजिम कुंभ कल्प मेला 2024 में जबलपुर से पधारे साध्वी प्रज्ञा भारती के सानिध्य में महानदी का महाआरती की जा रही है। कुंभ मेला में प्रतिदिन संगम तट पर विशाल मंच से मंत्रोच्चारण के साथ पूरी विधि विधान से महाआरती की जाती है। जिसमें आचार्य-पुरोहितो द्वारा मां गंगा का आह्वान कर पूरी श्रद्धा के साथ वैदिक रीति से आरती उतारी जाती है। उनके लिए तैनात आचार्य तट पर बने 11 मंचों से बैठकर-खड़े होकर फिर चारों दिशाओं में घूमकर मां गंगा के स्वरूप की आरती की जाती है। आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु शाम से ही अपना स्थान सुरक्षित कर लेते हैं। महाआरती में 11 पंड़ितों द्वारा लयबद्ध तरीके से क्रमवार मां गंगा की आराधना करते हुए आरती करते हैं। तत्पश्चात शिव स्त्रोत और शिव तांडव का सस्वर पाठ पूरे वातावरण में ऊर्जा का संचार करते हुए धर्म, आस्था और श्रद्धा की खुशबू से क्षेत्र का कण-कण आतुर हो राममय हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि आज से कई वर्षों पूर्व राजिम के संत कवि स्व. पवन दीवान जी अपनी काव्यांजलि भगवान राजीव लोचन को जिस भाव से समर्पित की थी। उस भाव की भावना इस गंगा आरती की आत्मा में दिखाई देती है। उन्हीं की रचित कविता की एक लाईन ''कण-कण आतुर हो जाता है, लेकर तेरा नाम, राजीव लोचन तुम्हें प्रणाम.....''! स्व. दीवान जी की कविता के ये शब्द यकीनन गंगा आरती से उत्पन्न दैप्तियमान ऊर्जा के प्रभाव से राजिम ही नहीं अपितु महानदी की रेत का कण-कण भी आतुरता के भाव से चल-चला जाता है और भगवान राजीव लोचन के चरणों में शीश नवाते हुए अपनी भावांजलि समर्पित करता है।



राजिम सहित क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें साक्षात गंगा आरती की स्वभावानुति का साक्षात्कार करने का अवसर इस कुंभ में मिला। अन्यथा बनारस, प्रयागराज में होने वाली गंगा आरती की या सिर्फ कल्पना की थी या फिर विशेष अवसरों पर टीव्ही के माध्यम से देखने का अवसर मिला। लेकिन राजिम कुंभ कल्प के दौरान होने वाली गंगा आरती का हिस्सा बनकर लोग रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। गंगा आरती के भागीदारों से जब पूछा गया कि उन्हें कैसा लगा तो उनके पास शब्द नहीं थे जिसका प्रयोग वे अपनी भावना व्यक्त कर पाते।

राजिम आने वाला हर खासो आम की एक ही ख्वाहिश रहती है कि वह हर-हाल में गंगा आरती में शामिल होकर उसकी साक्षी बन सकें। क्योंकि गंगा आरती का दुर्लभ विहंगम दृश्य से कोई भी वंचित नहीं होना चाहता है। जबलपुर से पधारे विद्वान पंड़ितों द्वारा इस आरती की विधिरीति अपने आप में विलक्षण है। उससे ऐसा प्रतीत होता है मानो देवता भी स्वर्ग से उतर कर मां चित्रोत्पला की आरती उतारने राजिम की धरा पर उतर आए हो। नदी में झिलमिलाते दीपदान के दीपकों की रोशनी समस्त मनों की अंधकार मिटाते हुए पूरा नगर आध्यात्म की रोशनी में डूबने मचल उठता है। जहां श्रद्धा और भक्ति के भाव स्वत: उत्पन्न होकर मानव जीव को धन्य करता है।

### राजिम कुंभ कल्प में 3 मार्च से शुरू होगा विराट संत समागम : तैयारियां पूर्णता की ओर

24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला की भव्यता दिनों दिन बढ़ रही है। वैसे तो राजिम कुंभ माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है। इसके अंतर्गत विराट संत-समागम होता है, जिसका उद्घाटन रविवार 3 मार्च से होगा। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम मेला के संत समागम स्थल पर साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाता है तथा संत समागम के विशाल मंच से संतों के प्रवचन आशीष वचन के रूप में श्रद्धालुओं को सुनने का पुण्य लाभ मिलता है। संत-समागम स्थल में प्रतिदिन होने वाले यज्ञ हवन के लिए विशाल यज्ञ शाला का निर्माण भी किया गया है। जहां राजिम कुंभ कल्प में पधारे संतों द्वारा नित्य प्रति वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन किया जायेगा। रोजाना मुख्य मंच से शाम को संतो के उद्बोधन आम जनता के लिए रखा गया है। धर्म संसद में धर्म चर्चा के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को मिल सके इसकी भी शासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में समुचित बैठक व्यवस्था की गई है। किसी भी आगन्तुक को संतो के दर्शन तथा उनके अमृतवाणी का पूरा-पूरा लाभ दर्शक दीर्घा से श्रद्धालुगण उठा सके। भगवान राम को समर्पित यह कुंभ कल्प राम के प्रति आस्था और श्रद्धा का द्योतक है। इस लिहाज से माना जा सकता है कि संत समागम भी राममय होकर राम की भक्ति में सराबोर होने का अवसर लोगों को मिलेगा। दर्शक दीर्घा में एक विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई है ताकि दूर-दराज तक बैठे दर्शकों को संतो के दर्शन सहजता से मिल सके।

## मेरठ में बड़ा हादसा : फैक्टरी का बॉयलर फटने से दो कर्मचारियों की मौत, तीन घायल

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के मवाना थानाक्षेत्र में फिटकरी गांव के नजदीक एक फैक्टरी में हुए हादसे ने दो लोगों की जान ले ली। बताया गया कि आज सुबह फैक्टरी का बॉयलर फटने से हादसा हो गया, जिसमें फैक्टरी में काम कर रहे दो कर्मचारी चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना की जांच पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए गए। वहीं कर्मचारियों की मौत की खबर सुनते ही परिजन मौके पर दौड़े। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मवाना में फिटकरी गांव के रास्ते पर स्थित टायर गलने वाली फैक्ट्री में मंगलवार सुबह 5:30 बजे फैक्टरी का बॉयलर फट गया।



इससे वहां काम कर रहे दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि तीन बुरी तरह झुलस गए। करीब एक घंटे तक सभी फैक्टरी में ही पड़े रहे। उसके बाद मौके पर उपलब्ध हुई एंबुलेंस ने घायलों का अस्पताल पहुंचा। घटनास्थल पर डीएम, एसएसपी, एसपी देहात आदि अधिकारी पहुंचे।

बताया गया कि गांव के रास्ते पर मेरठ निवासी अमित ठाकुर व दीपक जैन ने टायर गलने वाली फैक्टरी लगाई हुई है। यहां टायर को गलाकर तेल, राख, तार अलग किए जाते हैं। फैक्टरी में इंचौली थाना क्षेत्र के किशोरीपुर गांव के करीब एक दर्जन लोग कार्य करते हैं। मंगलवार सुबह फैक्टरीमें लोग काम पर लगे हुए थे। करीब 5:30 बजे बॉयलर फट गया, जिसकी चपेट में आए शंकर(27) पुत्र विजयपाल जाटव, प्रवीण(32) पुत्र चतरू जाटव निवासी किशोरीपुर की मौत हो गई,जबकि दिनेश, शैंकी और उसके पिता सोहनपाल घायल हो गए।

अन्य कर्मचारियों के मुताबिक 1 घटने तक एंबुलेस, पुलिस को कॉल करते रहे लेकिन कोई मदद को नहीं आया। करीब 6:30 बजे एंबुलेस आई। घायलों को गंगानगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## गिट्टी से भरे डंपर ने दो बाइक को मारी सीधी टक्कर, 3 की मौत, भीषण हादसे के बाद अनियंत्रित होकर डंपर पुलिया से नीचे गिरा

**दमोह (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के दमोह जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां एक गिट्टी से भरे डंपर ने तीन बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी और बेकाबू होकर पुलिया से नीचे पलट गया। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि मृतकों का कहीं पैर पड़ा था तो कहीं सिर। बाइक के परखच्चे तक उड़ गए। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना सोमवार दोपहर हिंडोरिया के ताज पुलिया की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए शव**

जानकारी के मुताबिक, डंपर गिट्टी भरकर दमोह से हिंडोरिया जा रहा था। इसी दौरान हिंडोरिया के ताज पुलिया के पास दो बाइक पर तीन लोग सवार होकर आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने दोनों बाइक सवारों को सामने से टक्कर मार दी। तेज गति में होने के कारण डंपर टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। इस घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**मृतकों की हुई पहचान**

हादसे में मरने वाले तीनों मृतकों की पहचान कपिल अहिरवार (35) पिता बलीराम अहिरवार निवासी हिंडोरिया, दूसरी बाइक पर सवार अनिमेष मिश्रा (20) निवासी निमरमुंडा और वंश मिश्रा (16) निवासी निमरमुंडा के रूप में हुई है। बता दें कि पहले केवल एक ही मृतक की पहचान हो पाई थी क्योंकि बाकी दोनों शव इतनी बुरी तरह बिखर गए थे कि उन्हें पहचानना तक मुश्किल था। हिंडोरिया थाना प्रभारी अमित गौतम ने बताया कि तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

## फटे कपड़ों की वजह से किसान को मेट्रो में चढ़ने से रोकना पड़ा भारी, बीएमआरसीएल ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से एक मामला सामने आया है। यहां बीएमआरसीएल कर्मचारियों ने एक किसान को ट्रेन में चढऩे रोक दिया, कारण सिर्फ इतना था कि किसान फटे कपड़ों में था। उनकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई जिसके बाद सिक्योरिटी सुपरवाइजर को बर्खास्त कर दिया है। मेट्रो रेल में चढऩे की कोशिश कर रहा किसान फटे-पुराने कपड़े पहने हुए था और उसके सर पर एक थैला रखा हुआ था।

बीएमआरसीएल के एमडी एम. महेश्वर राव ने बर्खास्तगी का आदेश जारी करते हुए जांच का आश्वासन भी दिया। बीएमआरसीएल ने सोशल मीडिया पर कहा, नम्मा मेट्रो एक सार्वजनिक परिवहन है। राजाजीनगर में हुई घटना की जांच की जा रही है। वहीं सिक्योरिटी सुपरवाइजर को बर्खास्त कर दिया है। बीएमआरसीएल को यात्री को हुई असुविधा के लिए खेद है।

टिकट खरीदने के बाद भी किसान को ट्रेन में चढऩे की इजाजत नहीं मिलने पर एक यात्री कार्तिक सी. ऐरानी ने अधिकारियों से सवाल किया था। उन्होंने इसको लेकर सिक्योरिटी सुपरवाइजर से जमकर बहस की थी। लेकिन सिक्योरिटी ने जवाब में कहा कि अगर किसान को अंदर जाने दिया तो अन्य यात्री परेशान होंगे।



एक सोशल मीडिया यूजर दीपक एन ने कहा, अविश्वसनीय.. क्या मेट्रो सिर्फ वीआईपी लोगों के लिए है? क्या मेट्रो का उपयोग करने के लिए कोई ड्रेस कोड है? मैं कार्तिक सी ऐरानी के कार्यों की सराहना करता हूं, जिन्होंने राजाजीनगर मेट्रो स्टेशन पर एक किसान के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी। हमें हर जगह ऐसे नायकों की जरूरत है। बीएमआरसीएल अपने अधिकारियों को ठीक से प्रशिक्षित करें। कई संदेशों में बीएमआरसीएल से एक किसान का अपमान करने वाले कर्मचारी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता बृंदा अदिगे ने कहा, नम्मा मेट्रो के कर्मचारियों को नागरिक को परेशान करने, उनके साथ भेदभाव करने के लिए दंडित किया जाएगा। कर्मचारियों को शिक्षित करें, जनता का पैसा मेट्रो में है, उनका वेतन नागरिकों द्वारा भुगतान किया जाता है।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर बम होने की झूठी निकली खबर, सुरक्षाकर्मियों के बीच मचा गया था हड़कंप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों के बीच हडक़ंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि सुबह 5.15 के बीच जब फ्लाइट दिल्ली से कोलकाता जाने वाली थी, तभी किसी ने फोन कर एयरपोर्ट परिसर में बम होने की सूचना दी।



वहीं, डीसीपी ने कहा कि इस सूचना के बाद जांच पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि यह कॉल फर्जी था। हालांकि, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और हर अप्रिय स्थिति से निपटने की रूपरेखा तय कर ली गई थी।

डीसीपी ने कहा, आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और जांच का सिलसिला तेज कर दिया गया है।

बता दें कि हाल ही में 20 वर्षीय एक शख्स ने आईजीआई एयरपोर्ट परिसर पर बम होने की सूचना दी थी, इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं, इस घटना के बाद अब एक बार फिर से फर्जी कॉल कर एयरपोर्ट परिसर पर बम होने की सूचना दी गई।

आरोपी की पहचान कुशाग्र अग्रवाल के रूप में हुई है, जो कि दिल्ली के जनकपुरी इलाके का रहने वाला है।

## छत्तीसगढ़ सरकार का विद्यार्थियों के हित में बड़ा निर्णय एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होगी बोर्ड की परीक्षाएं

- प्रथम परीक्षा माह मार्च एवं द्वितीय परीक्षा माह जून-जुलाई
- द्वितीय परीक्षा में पूरक और सभी विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र भी हो सकेंगे शामिल
- द्वितीय परीक्षा का परीक्षा परिणाम दोनों परीक्षाओं में से विषयवार अधिक प्राप्तांक के आधार पर होगा तैयार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया गया है। राज्य शासन के निर्णय अनुसार एक शैक्षणिक सत्र में दो बार बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रथम मुख्य परीक्षा मार्च माह में एवं द्वितीय मुख्य परीक्षा जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया है।

शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार प्रथम परीक्षा माह मार्च एवं द्वितीय परीक्षा माह जून-जुलाई में आयोजित की जायेगी। प्रथम परीक्षा में पंजीकृत छात्र ही द्वितीय परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए पात्र होंगे, किन्तु विषय परिवर्तन मान्य नहीं होगा। प्रथम परीक्षा के पश्चात् द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को पुन: आवेदन पत्र भरना होगा। द्वितीय परीक्षा में वे छात्र जो पूरक के पात्र है तथा वे छात्र जो सभी विषयों में अनुत्तीर्ण है एवं श्रेणी सुधार (सम्पूर्ण विषय) के छात्र भी परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है। उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार एक विषय, दो विषय या अधिक विषय में परीक्षा आवेदन भर सकते है। इनमें द्वितीय परीक्षा में वे छात्र भी सम्मिलित हो सकते है जो प्रथम परीक्षा में परीक्षा आवेदन फार्म भरने के बाद अनुपस्थित रहे हों। अवसर परीक्षा की शेष योजना पूर्ववत् रहेगी। द्वितीय परीक्षा का परीक्षा परिणाम दोनों परीक्षाओं में से विषयवार अधिक प्राप्तांक के आधार पर तैयार किया जाएगा।



## हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाके बर्फ से लकदक हो गए हैं। राज्य के किन्नौर, कुल्लू, लाहौल-स्पीति व चंबा जिले के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। राजधानी शिमला में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं। तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है। जिला कुल्लू और लाहौल के कई इलाकों में जनजीवन अभी पटरी पर नहीं लौटा कि मौसम में फिर करवट ली है। सोमवार रात से जिला कुल्लू के ऊंचे इलाकों और लाहौल घाटी में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है।

रोहतांग दर्रा में 25, अटल टनल के साउथ पोर्टल में 12 ,नॉर्थ पोर्टल 8, सिस्सू और केलांग में पांच-पांच सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। जनजातीय जिले लाहौल में ग्रामीण इलाकों में 100 से अधिक सडक़ें बंद हैं। वहीं, कुल्लू में हाईवे-305 पिछले तीन सप्ताह से बसों के लिए बंद रहा है। जिला प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को मौसम को देखते हुए यात्रा करने की सलाह दी है। इसके अलावा लाहौल घाटी में हिमस्खलन की भी आशंका जताई गई है।



**तीन दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज राज्य के कई भागों में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। 28 फरवरी को भी उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर मौसम खराब रहने के आसार हैं। 29 फरवरी से राज्य में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से 1 से 3 मार्च तक राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश-बर्फबारी, अंधड़ चलने व बिजली चमकने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 1 मार्च को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं 2 मार्च को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति में बहुत भारी बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। 4 मार्च को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर मौसम खराब बना रह सकता है।

**प्रमुख स्थानों का न्यूनतम तापमान-** शिमला में न्यूनतम तापमान 4.5, सुंदरनगर 9.1, भुंतर 8.2, कल्पा -0.8, धर्मशाला 7.4, ऊना 9.6, नाहन 9.1, पालमपुर 7.5, सोलन 5.2, मनाली 4.9, कांगड़ा 9.5, मंडी 9.1, बिलासपुर 10.9, चंबा 8.5, डलहौजी 5.0, जुब्बड़हट्टी 7.2, कुफरी -0.1, कुकुमसेरी -8.2, नारकंडा -1.5, भरमौर 4.7 , रिकांगपिओ 0.4, सेऊबाग 7.0, धौलाकुआं 10.9, बरठीं 10.0, पांवटा साहिब 11.0, सराहन 1.0 और देहरागोपीपुर 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।